शब्दबाणों का प्रहार
मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार
# राष्ट्रबाण
सिवनी
संपादक : संजय बघेल
बुधवार 22 अप्रैल 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in • वर्ष : 10 • अंक : 351 • पृष्ठ : 06 • मूल्य : 5.00 रुपए
www.facebook.com/rashtrabaan www.twitter.com/rashtrabaan




> कुछ हदें कभी नहीं लांघनी चाहिए। भारत कुछ नहीं भूला। जब इंसानियत की हदें पार की जाती हैं, तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है। न्याय हो चुका है। भारत एकजुट है: सेना

# पहलगाम हमले की पहली बरसी आज, बैसरन भी बंद

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**पहलगाम** हमले की 22 अप्रैल को पहली बरसी है। कश्मीर के सभी टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रखा है। श्रीनगर से करीब 95 किमी दूर बैसरन घाटी में 22 अप्रैल 2025 को 26 लोगों को आतंकियों ने गोलियों से भून दिया था। तब से यह घाटी बंद है।

बैसरन घाटी में किसी को भी एक तय सीमा से आगे जाने की इजाजत नहीं है। पहलगाम के दूसरे टूरिस्ट स्पॉट बेताब वैली और चंदनवाड़ी तक जाने पर फिलहाल रोक नहीं है। पर्यटक पहले से 30-40% तक सिमट गए हैं। स्थानीय लोगों में गुस्सा है कि वैली को क्यों नहीं खोला जा रहा। आखिर उनका क्या कसूर है, जो आने वाले सैलानियों पर पाबंदियां लगा दीं।

इधर, भारतीय सेना ने मंगलवार को अपने ङ्क हैंडल पर एक पोस्ट किया है, जिसमें आतंकियों और उनके रहनुमाओं को चेतावनी दी है। पोस्ट के साथ जारी तस्वीर में सिंदूर और भारत का नक्शा दिखाया गया है, जिसकी थीम ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी है।

सेना ने लिखा- कुछ हदें कभी नहीं लांघनी चाहिए। भारत कुछ नहीं भूला। जब इंसानियत की हदें पार की जाती हैं, तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है। न्याय हो चुका है। भारत एकजुट है।




### आतंकी हमले का बदला लेने भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था

पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए इंडियन एयरफोर्स ने 6-7 मई 2025 की आधी रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक की। सिर्फ 25 मिनट चले ऑपरेशन में 7 शहरों में 9 आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया।

### सुरक्षा के लिए हर पोनी-सर्विस प्रोवाइडर का यूनीक क्यूआर कोड

पहलगाम आने वाले टूरिस्टों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। हर सर्विस प्रोवाइडर की जांच-पड़ताल की गई है। उन्हें रजिस्टर्ड किया है। उन्हें यूनीक क्यूआर कोड दिया गया है। इसमें व्यक्ति की निजी जानकारी और दूसरी डिटेल्स हैं। बैसरन घाटी जैसे पहाड़ी इलाकों में 15 से 20 जवानों की छोटी-छोटी टीमें तैनात की गई हैं ताकि ऊपरी इलाकों से होने वाली घुसपैठ को रोका जा सके। हाल ही में 'स्कैन मी' सुविधा से वहां काम करने वाले पोनी गाइड से लेकर टैक्सी ड्राइवर्स तक की शिनाख्त हो रही है। अब तक 7 हजार लोग इससे जोड़े जा चुके हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद किया

**नईदिल्ली।** पाकिस्तान ने मंगलवार को भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस 24 मई तक बंद रखने का फैसला किया है। अब ये पाबंदियां एक साल से भी ज्यादा समय तक लागू रहेंगी। पिछले साल 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के विमानों के लिए अपना-अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था। हमले में 26 लोग मारे गए थे। 24 अप्रैल, 2025 से भारतीय विमानों के लिए पाकिस्तान का एयरस्पेस पेस बंद है, वहीं दूसरी तरफ पिछले साल 30 अप्रैल से पाकिस्तानी विमानों को भारतीय एयरस्पेस इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं है।

### श्रीलंका ने 19 भारतीय मछुआरे रिहा किए

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने मंगलवार को 19 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया। ये चेन्नई लौट आए हैं। इन्हें समुद्र सीमा पार करने पर गिरफ्तार कर लिया गया था। मछुआरों को 25 मार्च को हिरासत में लिया गया था। बाद में उन्हें श्रीलंका की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। सोमवार को कुल 30 मछुआरों को भारतीय दूतावास के अधिकारियों को सौंपा गया। इनमें से दो मछुआरों पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया, जबकि दो नावों के चालकों पर 40 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

### दिल्ली पुलिस ने आईएसआई से जुड़े 2 को गिरफ्तार किया

**नईदिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े शाहजाद भट्टी के मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। उसके 2 सहयोगियों, राजवीर और विवेक को गिरफ्तार किया। ये आरोपी दिल्ली-हृष्टक्रमें टारगेट किलिंग और फायरिंग की घटनाओं को अंजाम देने की साजिश में शामिल थे। आरोपियों के पास से एक पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। इसके अलावा दो मोबाइल फोन भी मिले हैं, जिनमें आपत्तिजनक वीडियो और वॉइस नोट्स हैं।

राष्ट्रबाण
अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए
सिर्फ 100 रुपए महीना
संपर्क : 7000427433

# पहली बार रात में लू का अलर्ट

## महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी का समय बदला; मजदूर भी दोपहर में काम नहीं करेंगे

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**देश** के मैदानी इलाकों में तेज गर्मी जारी है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, ओडिशा और दिल्ली में कई जगह पारा 44एष्ट पार पहुंच गया है। कई जगह लू का भी अलर्ट है। मध्य प्रदेश के भोपाल में पहली बार रात में लू चलने की चेतावनी दी गई है। भोपाल, छिंदवाड़ा, मंडला, नर्मदापुरम, ग्वालियर, रतलाम और छतरपुर समेत 16 जिलों में लू चलने के आसार हैं।

उत्तर प्रदेश में प्रयागराज में 44.4एष्ट के साथ देश में सबसे गर्म रहा। गर्मी को देखते हुए 8वीं तक के स्कूलों का टाइम बदल दिया गया है। झारखंड में भी आज से स्कूलों के समय में बदलाव किया है।

महाराष्ट्र के गोंदिया और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सोमवार को पारा 43एष्ट दर्ज हुआ। दोनों जिलों में दोपहर 12:30 बजे से 4 बजे तक ट्रैफिक सिग्नल बंद कर दिए गए हैं, ताकि लोगों को चौराहों पर धूप में खड़ा न रहना पड़े।

दोनों ही राज्यों में दोपहर 12 से 4 बजे तक धूप में काम करने पर रोक लगा दी गई है। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के काम के घंटे बदलकर सुबह 6 से 11 और शाम 4 से 8 बजे कर दिए गए हैं। कंस्ट्रक्शन वर्कर, स्ट्रीट वेंडर भी इसी वक्त काम करेंगे।

### असम में बाढ़, एक की मौत; पूर्वोत्तर में अगले 15 दिन रिकॉर्ड बारिश संभव




असम की राजधानी गुवाहाटी के खानापारा इलाके में 21.59 सेमी बारिश दर्ज की गई। गुवाहाटी में मूसलाधार बारिश के बाद सोमवार को बाढ़ जैसे हालात बन गए, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ और एक महिला की मौत हो गई। हालात को देखते हुए सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

पूर्वोत्तर भारत में अगले 15 दिनों में एशिया में सबसे ज्यादा बारिश होने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और नगालैंड में इस हफ्ते भारी बारिश की आशंका है।

अनुमान है कि 20 से 22 अप्रैल के बीच कई इलाकों में तेज बारिश होगी, जबकि 23 अप्रैल को थोड़ी राहत मिल सकती है, लेकिन 24 अप्रैल से फिर बारिश की तीव्रता बढ़ने के आसार हैं। मौसम विभाग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र के विदर्भ में रात में भी लू चलने का अलर्ट जारी किया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-छूने से देवता अपवित्र कैसे होते हैं

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in



**सबरीमाला** मंदिर में महिलाओं की एंट्री और धार्मिक भेदभाव से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। कोर्ट ने पूछा, 'मूर्ति छूना ईश्वर का अपमान कैसे हो सकता है और वे अपवित्र कैसे हो जाते हैं।'

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, 'क्या संविधान उस भक्त की मदद के लिए आगे नहीं आएगा, जिसे केवल उसके वंश और जन्म के कारण देवता को छूने से रोक दिया जाता है।' इस पर सबरीमाला के वकील एडवोकेट वी. गिरी ने कहा किसी भी मंदिर में होने वाले रीति-रिवाज उस धर्म का अभिन्न हिस्सा होते हैं। पूजा देवता की विशेषताओं के उलट नहीं हो सकती। भगवान अयप्पा 'नैष्ठिक ब्रह्मचारी' हैं, इसलिए वहां की परंपराएं उसी के अनुरूप तय की गई हैं।

### आज आ सकता है मामले में फैसला

सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की संवैधानिक बेंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। इसके साथ धार्मिक आस्था के 66 मामले और जुड़े हैं। फैसला कल आने की संभावना है। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया। फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गईं, जिसपर अब सुनवाई हो रही है। मंदिर प्रशासन महिलाओं की एंट्री का विरोध कर रहा है।

**सबरीमाला मामले पर 7 अप्रैल से शुरू हुई सुनवाई**

सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई है। पहले 3 दिन, 9 अप्रैल तक सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है।

# ममता की चुनावी रणनीति बनाने वाली आई-पेक का ऑफिस बंद: चुनाव में 1 लाख एजेंट दिए

## फर्म पर ईडी और सीबीआई ने मनी लॉन्ड्रिंग केस किया

कोलकाता | एजेंसी
rashtrabaan.in

**पश्चिम** बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और सीएम ममता बनर्जी का चुनावी कैंपेन संभाल रही फर्म 'आई-पैक' का कोलकाता के विधाननगर स्थित दफ्तर दो दिन से बंद है। सूत्रों के अनुसार इसके एचआर ने 1300 कर्मियों को काम पर न आने का लेटर भेजा है।



यह सब ऐसे समय हुआ है जब पहले चरण का मतदान को 3 दिन बचे हैं। 23 अप्रैल को पहले चरण के तहत 152 सीटों पर वोटिंग होनी है। चुनाव प्रचार 21 को खत्म हो जाएगा। दूसरे चरण की वोटिंग 29 अप्रैल को है। रिजल्ट 4 मई को आएंगे। दरअसल, तृणमूल की बूथ लेवल की गतिविधि से लेकर नेताओं की सभाएं, रैलियां, सब कुछ तय करने में आई-पेक यानी इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी एक पॉलिटिकल कंसल्टेंसी कंपनी की अहम भूमिका निभा रही है। बंगाल में पार्टी के मौजूदा करीब 33% विधायकों के टिकट काटने के फैसले के पीछे भी इसी का सर्वे आधार था। इसने बंगाल के 93 हजार पोलिंग बूथों के लिए एक लाख शैडो एजेंट्स तैयार किए थे।

तृणमूल भले ही इसके बंद होने की खबरों को खारिज कर रही है, लेकिन मतदान से ठीक पहले संगठन और कार्यकर्ता असमंजस में आ गए हैं।

# खड़गे बोले-मोदी आतंकवादी, बाद में कहा- ऐसा नहीं बोला

## कहा- मेरा मतलब था मोदी लोगों और विपक्षी पार्टियों को डराते-धमकाते हैं

कोलकाता | एजेंसी
rashtrabaan.in

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चेन्नई में मंगलवार को पीएम मोदी को आतंकवादी कह दिया। हालांकि, कुछ देर बाद इस पर सफाई भी दी। उधर, भाजपा ने कहा कि खड़गे को अपने विवादित बयान पर माफी मांगनी चाहिए। खड़गे पहले भी मोदी पर विवादित बयान दे चुके हैं। 2024 में पीएम की तुलना आक्रमणकारी तैमूर लंग से की थी। 2023 में 'जहरीला सांप' और 'झूठों का सरदार' कहा था। बाद में कांग्रेस अध्यक्ष ने सफाई भी थी।



कुछ मिनट बाद सफाई भी दी, कहा- खड़गे ने कहा- पीएम मोदी लोगों और राजनीतिक पार्टियों को डरा रहे हैं। मैंने कभी नहीं कहा कि वह आतंकवादी हैं। मेरा मतलब है कि मोदी हमेशा धमकी देते हैं। तमिलनाडु विधानसभा की सभी 234 सीटों और पश्चिम बंगाल में पहले फेज की 152 सीटों के लिए आज शाम 5 बजे चुनाव प्रचार थम गया है।

**पीयूष गोयल बोले- इस अपमान के लिए राहुल गांधी और स्टालिन माफी मांगे**

गोयल ने कहा- मुझे शर्म आ रही है कि कांग्रेस पार्टी और स्टालिन की ष्ठरूद्म पार्टी इतने निचले लेवल पर आ गई हैं। वे इतने निचले लेवल पर आ गए हैं कि भारत के लोगों द्वारा चुने गए एक लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहा जा रहा है।

### पश्चिमी मिदनापुर में हिंसा, 100 से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ता घायल

पश्चिम मिदनापुर के दांतन में कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस समर्थित हमले में 100 से अधिक बीजेपी कार्यकर्ता घायल हो गए। घायलों में से 15 को ओडिशा के जलेश्वर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि एक कार्यकर्ता की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना सोमवार की है। मंगलवार को वीडियो सामने आए। बीजेपी ने आरोप लगाया है कि यह हमला सुनियोजित था और सत्तारूढ़ दल के समर्थकों ने इसे अंजाम दिया।

# भागवत बोले- विज्ञान और धर्म दोनों से नहीं मिली शांति: राजा से विज्ञान तक सब मॉडल फेल

## दुनिया अब भारत के ज्ञान से उम्मीद लगा रही

अगरतला | एजेंसी
rashtrabaan.in

**राष्ट्रीय** स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि 2000 साल तक शासन, धर्म और विज्ञान के अलग-अलग प्रयोगों के बाद अब दुनिया भटक गई है और भारत के ज्ञान की ओर देख रही है। उन्होंने यह बात त्रिपुरा के मोहनपुर में धार्मिक कार्यक्रम में कही।

भागवत मां सौंदर्य चिन्मयी मंदिर के प्रतिष्ठा और कुंभाभिषेक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



**विकास जितना बढ़ रहा है, पर्यावरण उतना ही नष्ट हो रहा**

भागवत ने कहा कि पहले सत्ता राजा को दी गई, लेकिन बाद में राजा ही जनता का शोषण करने लगा। इसके बाद लोगों ने भगवान को सर्वोच्च मानकर धर्म बनाए, लेकिन इससे भी खून-खराबा नहीं रुका। विज्ञान के दौर में भी मानव की समस्याएं खत्म नहीं हुई। लोगों ने कहा कि हम वैज्ञानिक हैं, जब तक भगवान लैब में नहीं दिखेगा, हम नहीं मानेंगे। इसके बाद विज्ञान का दौर आया। कई सुविधाएं और आराम मिले, लेकिन संतोष नहीं आया।

आज भी दुनिया में दुख है, परिवार टूट रहे हैं, अपराध बढ़ रहे हैं। युद्ध शुरू होते हैं तो रुकते नहीं। विकास जितना बढ़ रहा है, पर्यावरण उतना ही नष्ट हो रहा है।

अब 2000 साल के इन प्रयोगों के बाद दुनिया भटक रही है और भारत के ज्ञान की ओर उम्मीद से देख रही है। उन्होंने इसे भारत का कर्तव्य बताया और कहा कि यही भारत के जीवन का उद्देश्य है।

## कुछ देर में अमेरिकी उपराष्ट्रपति रवाना होंगे; ईरान से बातचीत में ट्रम्प भी शामिल हो सकते हैं

# ईरानी डेलिगेशन के पाकिस्तान आने पर सस्पेंस

तेहरान | एजेंसी
rashtrabaan.in

**अमेरिका** से संभावित बातचीत के लिए ईरानी डेलिगेशन के पाकिस्तान पहुंचने को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। ईरानी मीडिया के मुताबिक मुख्य वार्ताकार और संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ, विदेश मंत्री अराघची और उनके डिप्टी फिलहाल देश में ही मौजूद हैं।

दूसरी ओर, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कुछ ही देर में पाकिस्तान के लिए रवाना होने वाले हैं। वेंस के साथ विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर भी पाकिस्तान पहुंचेंगे।



यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब सीजफायर खत्म होने के कगार पर है। 22 अप्रैल को खत्म होने वाले इस सीजफायर को ट्रम्प ने एक दिन के लिए बढ़ा दिया है। अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस के मुताबिक, ईरानी डेलिगेशन के साथ प्रस्तावित बातचीत अब मंगलवार की बजाय बुधवार को हो सकती है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, अगर बातचीत में कोई बड़ी प्रगति होती है तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प खुद या वर्चुअली इसमें शामिल हो सकते हैं।

**ट्रम्प बोले- ईरान के साथ जल्द बड़ी डील हो सकती है**

ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका जल्द ही ईरान के साथ एक बड़ी डील कर सकता है। इससे कई हफ्तों से चल रहा युद्ध खत्म हो सकता है। उन्होंने ष्टहृक्च न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा, 'मुझे लगता है कि हम एक बड़ी डील करेंगे, उनके पास कोई विकल्प नहीं है।'

ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान की नेवी, एयरफोर्स और उसके नेताओं को खत्म कर दिया है, जिससे उसकी सैन्य ताकत काफी कमजोर हो गई है।

### पिछले 24 घंटे के 3 बड़े अपडेट्स

**धीमी आवाजाही :** सोमवार को होर्मुज स्ट्रेट से सिर्फ 16 जहाज गुजरे। मरीन ट्रैफिक डेटा के मुताबिक, सोमवार को 9 जहाज होर्मुज में दाखिल हुए, जिनमें 2 ईरानी झंडे वाले जहाज थे, जिनमें से एक तेल टैंकर था। वहीं 7 जहाज बाहर निकले, जिनमें एक ईरानी कार्गो जहाज शामिल था।

**लेबनान-इजराइल वार्ता :** इजराइल और लेबनान के बीच बातचीत का दूसरा दौर 23 अप्रैल को तय किया गया है। इससे पहले 16 अप्रैल को दोनों देशों की बातचीत हुई थी जिसमें दोनों देशों ने 10 दिनों के लिए सीजफायर पर सहमति जताई थी।

**ईरानी जहाज सीज :** अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की कोशिश कर रहे टूस्का नाम के एक ईरानी जहाज को पकड़ लिया। यह चीन से लौट रहा था। ईरान ने इस पर नाराजगी जताई और अंजाम भुगतने की चेतावनी दी।

राष्ट्रबाण
सिवनी, बुधवार 22 अप्रैल 2026

शहडोल राष्ट्रबाण

● ब्यौहारी ● जयसिंघनगर ● सोहागपुर ● गोहपारु ● बुढ़ार ● जैतपुर

# कलेक्ट्रेट में साप्ताहिक जनसुनवाई हुई आयोजित, कलेक्टर ने दिए तत्काल निराकरण के दिए निर्देश



शहडोल | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न ग्रामों और वार्डों से आए आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। ग्राम मल्दा के काशिम खान ने सीसी रोड निर्माण की मांग की, वहीं ग्राम सन्नौसी के रामप्रकाश पटेल ने धान विक्रय की लंबित राशि दिलाने का अनुरोध किया। ग्राम मीठी के रामसुजान जायसवाल ने भूमि सीमांकन, वार्ड क्रमांक 16 के रामभजन पटेल ने नल कनेक्शन, तथा ग्राम दुलादर की श्रीमती हेमा शुक्ला ने विद्युत कनेक्शन की समस्या उठाई। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 2 की चांदनी कोल ने अतिक्रमण हटाने को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य प्राप्त आवेदनों पर भी त्वरित कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमृता गर्ग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कमिश्नर कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई




कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और उनके निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में उमरिया जिले के ग्राम धनवाही निवासी धीरा बैगा ने निजी भूमि में हो रहे निर्माण कार्य एवं खनन पर रोक लगवाने, शहडोल जिले के ग्राम बलपुरवा निवासी संगीता सेन ने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाने, ग्राम बसोहरा निवासी दीनदयाल सिंह ने मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह में नाम जुडवाने, ग्राम निकई निवासी मोहन लाल साहू ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलवाने हेतु आवेदन जनसुनवाई में दिए। कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जनसुनवाई में संभाग स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रशासन की तत्परता से टला बाल विवाह, ग्राम मोहिनी में हुई कार्रवाई



शहडोल | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

जिले में बाल विवाह रोकथाम को लेकर प्रशासन की सक्रियता का एक और उदाहरण सामने आया है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देश पर गठित जिला एवं खंड स्तरीय टीमों ने तत्परता दिखाते हुए जयसिंहनगर तहसील के ग्राम मोहिनी में एक बाल विवाह को रुकवा दिया। बताया गया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर ग्राम मोहिनी में बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई थी। शिकायत मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची टीम ने विवाह रुकवाया। जांच के दौरान बालिका की आयु 18 वर्ष से कम पाई गई, जिससे यह बाल विवाह की श्रेणी में आया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अखिलेश मिश्रा ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुश्री काजोल सिंह के मार्गदर्शन में खंड स्तरीय टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया। टीम ने बालिका के निवास ग्राम मोहिनी तथा उसके मामा के घर ग्राम जगड़ा पहुंचकर परिजनों को समझाइश दी और विवाह रुकवाया। अधिकारियों ने परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि बालिका का विवाह 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही किया जाए। इस कार्रवाई में सब-इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, पटवारी एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी अमले की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) या 112 पर जानकारी दें ताकि समय रहते ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# विद्यार्थी हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश के सर्वांगीण विकास में दें योगदान : कलेक्टर




शहडोल | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और उनके सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा कभी व्यर्थ नहीं जाती, इसका सदुपयोग समय आने पर अवश्य होता है। विद्यार्थी निरंतर प्रयास कर जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें और डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचकर देश एवं समाज की सेवा करें। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी।इस अवसर पर कलेक्टर ने विद्यार्थियों से उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में भी संवाद किया और उन्हें निरंतर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पहली कक्षा से बारहवीं तक की शिक्षा जीवन की मजबूत नींव होती है, जिस पर सफल भविष्य का निर्माण होता है।कार्यक्रम में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी के कक्षा 10वीं के योगेंद्र सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाणसागर की कुमारी अनामिका कुशवाहा, शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयसिंहनगर की कक्षा 12वीं की कुमारी दीक्षा मिश्रा सहित माही मिश्रा, मान्यता साहू, निशिका गुप्ता, ऋषभ पांडेय, श्रेया साहू, आर्यिका नामदेव, नेहा सिंह, हर्षिल गुप्ता, अपेक्षा गुप्ता एवं आरायना गुप्ता को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, जिला शिक्षा अधिकारी आर.के. मंगलानी सहित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की संवेदनशील पहल, नानवती बैगा को मिली 10 हजार रुपये की सहायता

शहडोल | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in



साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की संवेदनशील पहल से ग्राम कठौतिया निवासी श्रीमती नानवती बैगा को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई।जनसुनवाई में श्रीमती नानवती बैगा पति रामपाल बैगा ने अपनी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर होने का उल्लेख करते हुए सहायता राशि उपलब्ध कराने संबंधी आवेदन कलेक्टर को सौंपा। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित संकटापन्न योजना के तहत 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनंद राय सिंहा को दिए। निर्देशों के अनुपालन में संबंधित राशि स्वीकृत कर हितग्राही को उपलब्ध कराई गई। सहायक आयुक्त आनंद सिन्हा ने श्रीमती नानवती बैगा को संकटापन्न मद के अंतर्गत 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का स्वीकृति पत्र सौंपा।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए बाल विवाह के खिलाफ चलाया गया जागरूकता अभियान

शहडोल | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in




जिले में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर प्रशासन सख्त रुख अपनाए हुए है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जनमानस को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर के सब्जी मंडी, न्यू बस स्टैंड सहित अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर स्थानीय कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया गया। नाटक के माध्यम से सरल और प्रभावी ढंग से बाल विवाह के सामाजिक, शारीरिक और मानसिक दुष्परिणामों को दर्शाया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कानूनन अपराध है। बाल विवाह कराने वाले माता-पिता, रिश्तेदारों के साथ-साथ विवाह संपन्न कराने में सहयोग करने वाले पंडित, मौलवी, हलवाई, बैंड और टेंट संचालक भी दोषी माने जाएंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत दोषी पाए जाने पर 2 वर्ष तक की सजा, 1 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को खत्म करने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध मामले की

# पानी टंकी की सफाई व रेन वाटर हार्वेस्टिंग से दिया जल संरक्षण का संदेश



शहडोल | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण को लेकर व्यापक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न विद्यालयों में पानी की टंकियों की साफ-सफाई के साथ-साथ रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत गोहपारू अंतर्गत ग्राम पंचायत गुढा के माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों के सहयोग से पानी की टंकी की साफ-सफाई की गई। साथ ही वर्षा जल के संरक्षण के उद्देश्य से रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण कर जल संचयन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं स्थानीय ग्रामीणों को जल के महत्व के बारे में बताया गया और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन कर भविष्य के लिए जल सुरक्षित रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ ही व्यावहारिक कदम भी उठाए जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में जल संकट से निपटा जा सके।

## माफी के बाद भी राहत नहीं, अगली सुनवाई 14 मई को ; पेशी से छूट की मांग खारिज

# जस्टिस को फोन मामले में संजय पाठक हाईकोर्ट में पेश

शहडोल | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in



हाईकोर्ट जस्टिस को फोन करने के मामले पर भाजपा विधायक संजय पाठक मंगवार को हाईकोर्ट में पेश हुए। इस दौरान मीडिया ने उनसे बातचीत की कोशिश की, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए इस पर कुछ कहना उचित नहीं होगा। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने व्हिसलब्लोअर आशुतोष दीक्षित को इस मामले में कोर्ट की सहायता करने की अनुमति दी है। साथ ही अगली सुनवाई की तारीख 14 मई तय की गई है। सुनवाई के दौरान संजय पाठक ने अगली पेशी से छूट की मांग की, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। अब उन्हें 14 मई को भी कोर्ट में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा।

### इंटरवेंशन एप्लीकेशन पर कोर्ट की आपत्ति

व्हिसलब्लोअर आशुतोष मनु दीक्षित की ओर से हाईकोर्ट में सीनियर एडवोकेट देवदत्त कामद और राजेंद्र सिंह उपस्थित हुए और इंटरवेंशन एप्लीकेशन मूव की गई थी। इस पर उन्होंने दलील दी कि वे याचिकाकर्ता हैं, इसलिए उन्हें भी सुना जाए। हालांकि कोर्ट ने कहा कि वे औपचारिक रूप से इंटरवेंशन एप्लीकेशन दाखिल न करें, बल्कि मौखिक रूप से इस मामले में कोर्ट की सहायता कर सकते हैं। इस दौरान राजेंद्र सिंह ने कहा कि मामला बेहद गंभीर है, यही कारण है कि हाईकोर्ट ने इसे स्वत : संज्ञान में लिया है।

### कैसे शुरू हुआ पूरा विवाद

मामले की शुरुआत 1 सितंबर 2025 को हुई, जब जस्टिस विशाल मिश्रा ने ओपन कोर्ट में खुलासा किया कि एक विधायक ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की थी। उस समय उनके समक्ष विधायक के परिवार से जुड़े एक खनन मामले में आशुतोष दीक्षित द्वारा दायर रिट याचिका की सुनवाई चल रही थी। निष्पक्षता बनाए रखने के लिए जस्टिस मिश्रा ने खुद को उस मामले से अलग कर लिया। कार्रवाई न होने पर कटनी निवासी आशुतोष मनु दीक्षित ने हाईकोर्ट में दूसरी याचिका दायर की। 2 अप्रैल की सुनवाई में कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए कहा कि यह न्यायपालिका की गरिमा से जुड़ा विषय है और प्रथम दृष्टया आपराधिक अवमानना का मामला बनता है। इसके बाद हाईकोर्ट ने विधायक संजय पाठक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### पाठक बोले- गलती से डायल हो गया था नंबर

हाईकोर्ट के नोटिस के जवाब में विधायक संजय पाठक ने हलफनामा दाखिल कर कहा कि उनसे गलती से जस्टिस विशाल मिश्रा का नंबर डायल हो गया था और एक घंटी बजते ही कॉल काट दिया गया। हालांकि, कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक विधायक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं होते, तब तक इस हलफनामे पर विचार नहीं किया जाएगा।

# जबलपुर-मंडला रोड पर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

## नदी में डूबने से हुई थी युवक की मौत,परिजनों ने लगाए पुलिस पर गंभीर आरोप

शहडोल | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

जमतरा गांव में नर्मदा से रेत खनन के दौरान डूबने से हुई युवक की मौत के मामले में मंगलवार दोपहर 1 बजे ग्रामीणों ने जबलपुर-मंडला रोड पर चक्काजाम कर दिया। दोपहर 3 बजे तक रोड जाम रहा। मानक वर्मा नर्मदा से रेत निकालने के दौरान सोमवार को पुलिस-प्रशासन की टीम को देखते हुए नदी में कूद गया था जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों में कार्रवाई को लेकर गुस्सा था। पीएम के बाद जैसे ही मानक का शव गांव लाया गया तो सैकड़ों ग्रामीण जमा हुए और जबलपुर-मंडला रोड पर चक्काजाम कर दिया। जानकारी लगते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पुहंची और प्रदर्शनकारियों की समझाने में जुटी रही।

### दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों की मांग है कि दोषी पुलिस-प्रशासन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। आरोप है कि एक सिपाही ने युवक को जानबूझकर नदी में डुबाया, जिससे उसकी मौत हुई। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग उठाई। प्रशासन के आश्वासन के बाद परिजन और ग्रामीण शांत हुए और चक्काजाम समाप्त किया गया।

### पांच लाख रुपए की सहायता दी गई है एएसपी

एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत ली गई है, जिसकी जांच करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि रेडक्रास फंड से एक लाख रुपए की राशि दी गई है। शासन की ओर से चार लाख रुपए दिए जाते हैं, वह भी दिए गए हैं। मर्ग दर्ज कर लिया गया है। जांच जारी है। ग्रामीणों ने कुछ आरोप लगाए हैं, जिसकी जांच करवाई जा रही है। अगर कोई दोषी पाया जाता है, तो निश्चित रूप से उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामला शांत है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, बुधवार 22 अप्रैल 2026

बालाघाट राष्ट्रबाण

● बैहर ● बिरसा ● कटंगी ● तिरोड़ी ● कटंगी ● खैरलांजी ● किरनापुर ● लालबर्रा ● लांजी ● परसवाड़ा ● वारासिवनी

# फर्जी प्रॉपर्टी डीलर बंधु गिरफ्तार

## एक ही जमीन चार लोगों को बेचकर की लाखों की ठगी

राष्ट्रबाण कटंगी| संवाददाता
rashtrabaan.in



लंबे समय से जमीनों के नाम पर दर्जनों लोगों से ठगी करने वाले दो सगे भाई मोहित और दीपक श्रीवास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि दोनों भाइयों ने मिलकर प.ह.न. 27, खसरा नंबर 179/6/1 की एक ही जमीन को चार अलग-अलग लोगों को दिखाकर सौदा किया और लाखों रुपये ऐंठ लिए, जबकि वह जमीन उनके नाम थी ही नहीं। शिकायत पर जांच के बाद पुलिस ने रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार किया। उस वक्त दोनों भाई,ष्ट की ठंडी हवा में गहरी नींद में सो रहे थे। गिरफ्तारी की खबर मिलते ही ठगी के शिकार लोग खुशी से झूम उठे और थाने पहुंचने लगे। पीड़ित करीब ढाई साल से पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहे थे। सोमवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318 (4), 336 (3), 338, 3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### एक जमीन, चार सौदेः ऐसे बुना जाल

एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपियों ने प्रार्थी संदीप बोपचे निवासी कालीमाठी, रहीम कुरैशी, आयशा खान और परवेज खान, तीनों निवासी कटंगी, को खसरा नंबर 179/6/1 की जमीन दिखाकर खरीदी-बिक्री का सौदा किया। जब नगर परिषद और एसडीएम कार्यालय से जानकारी ली गई तो पता चला कि उस खसरा नंबर पर कोई कॉलोनी की अनुमति नहीं है और जमीन आरोपियों के नाम पर भी दर्ज नहीं है।

### तीखी प्रतिक्रिया, सिस्टम की लापरवाही उजागर

इस पूरे मामले ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ढाई साल तक पीड़ित थाने-एसपी ऑफिस के चक्कर काटते रहे, लेकिन कार्रवाई तब हुई जब ष्टरूहेल्पलाइन की रैंकिंग गिरी। सवाल यह है कि क्या आम आदमी को न्याय के लिए हेल्पलाइन का ही सहारा लेना पड़ेगा? फर्जी कॉलोनी और जमीन के सौदों पर राजस्व व नगर परिषद की निगरानी भी कटघरे में है। यदि समय रहते दस्तावेजों की जांच की व्यवस्था सख्त होती, तो दर्जनों परिवार बर्बाद होने से बच जाते। अब जरूरत है कि ऐसे प्रॉपर्टी माफियाओं का पूरा नेटवर्क खंगाला जाए और राजस्व रिकॉर्ड से छेड़छाड़ में शामिल कर्मचारियों पर भी कार्रवाई हो, तभी लोगों का भरोसा पूरी तरह लौटेगा।

### सीएम हेल्पलाइन की फटकार के बाद जागी पुलिस

गौरतलब है कि पीड़ितों ने कटंगी थाने में कई बार लिखित शिकायत की। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी गुहार लगाई, लेकिन पुलिस ने शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया। आखिरकार पीड़ितों ने लगातार ष्टरूहेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई। रैंकिंग गिरने और वरिष्ठ अधिकारियों की फटकार के बाद पुलिस ने मामले में गंभीरता दिखाई। जांच में आरोप इतने पुख्ता मिले कि पुलिस चाहकर भी आरोपियों को बचा नहीं पाई।

### भोले-भाले ग्रामीण से लेकर नौकरीपेशा तक शिकार

एसडीओपी ने बताया कि इन दोनों भाइयों के खिलाफ और भी लोगों ने शिकायती आवेदन दिए हैं, जिनकी विस्तृत जांच जारी है। इन भाइयों ने न केवल शहर और गांव के भोले-भाले लोगों को जाल में फंसाया, बल्कि कई नौकरीपेशा लोग भी इनका शिकार हुए, जो लोकलाज के डर से सामने नहीं आ पाए। कई लोगों ने जीवन भर की पूंजी गंवा दी, जिसके वापस मिलने की उम्मीद नहीं है।

### मुंह छुपाते दिखे आरोपी, पीड़ितों का कानून पर बढ़ा भरोसा

आज जब दोनों आरोपियों को पुलिस न्यायालय ले जा रही थी तो वे अपना मुंह छुपाते नजर आए। ढाई साल की लंबी लड़ाई के बाद जब पुलिस ने आरोपियों को हथकड़ी पहनाई तो पीड़ितों को संतोष मिला और उनका कानून पर विश्वास फिर से स्थापित होता दिखा।

# शराब दुकानों में पीने की अनुमति नहीं, फिर भी संचालित हो रहे आहतें

राष्ट्रबाण लालबर्रा| संवाददाता
rashtrabaan.in



मुख्यालय में संचालित हो रही दो शराब दुकानों में शासन के निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए आहते संचालित कर सुरा प्रेमियों को आराम से बैठाल कर शराब परोसी जा रही है। अब शराब ठेकेदारियों का रसूख देखिए की शासन के नियमों को आए - दाएं -बाएं रखकर अपनी मनमानी पर उतारू है,और वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग अपनी आंखों और कानों पर पट्टी बांधकर इन्हें खुला संरक्षण दे रहे हैं। इनके संरक्षण देने के संबंध में विश्वसनीय सूत्र यह बताते हैं कि इस काम के लिए शासन के इन जिम्मेदार नौकरों को शराब ठेकेदार द्वारा अपनी काली करतूतो को अंजाम देने के लिए बड़ी रकम दी जाती है। इसीलिए तो यह काला कारोबार चला आ रहा है और शासन है कि ऐसे गैर जिम्मेदाराना शासकीय नौकरों को नौकरी से बर्खास्त भी नहीं कर पा रही है।

### गांव-गांव में बिक रही शराब

विदित हो कि शराब ठेकेदार द्वारा एक दुकान का ठेका लिया जाता है जहां पर उसे नियम शर्तो के अनुसार ही शराब बेचनी होती है लेकिन उनके द्वारा गांव-गांव में अपने पैकार बनाकर शराब बेची जा रही है। जिससे गांव का माहौल खराब तो हो रहा है और आए दिन लड़ाई झगड़ों का माहौल भी बन जाता है। यहां तक की युवा वर्ग भी शराब की लत में आकर अपना भविष्य चौपट कर रहे हैं। बड़े अधिकारी जब कभी उन्हें मंच मिलता है तो शराब और युवाओं की तरक्की की बात करते हैं लेकिन जमीन पर ऐसे काले कारनामों को रोकने की बजाय उन्हें संरक्षण देते रहते हैं जो की काफी निंदनीय है।

### स्टेट हाईवे पर संचालित ढाबों पर परोसी जा रही है शराब

बालाघाट से लेकर सिवनी तक जाने वाले स्टेट हाईवे पर पड़ने वाले अनेकों ढाबे पर सुबह से लेकर देर रात तक शराब परोसी जाती है जिस पर सरकार द्वारा प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है कि नशे की हालत में चलने वाले लोग स्वयं तो दुर्घटनाग्रस्त होते ही है लेकिन दूसरों को भी चोट पहुंचा देते हैं। जिससे दुर्घटनाओं में कमी आ सके। इसके बावजूद भी यह सारा खेल कैसे चल रहा है आज की आम जनता समझती है। अच्छा होगा की जिम्मेदार लोग ऐसे अवैध काम पर प्रतिबंध लगाते हुए आम जनता को राहत दिलाने में अपनी अहम भूमिका अदा करें ना कि अपनी जेब भरने में।

# केशा में अतिक्रमणकारियों के हौंसले बुलन्द

राष्ट्रबाण किरनापुर| संवाददाता
rashtrabaan.in

किरनापुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केशा में इन दिनों अतिक्रमण की नई कहानी लिखी जा रही हैं। सिस्टम की लापरवाही और प्रशासन का सुस्त रवैया अतिक्रमणकारियों के लिए संजीवनी साबित हो रहा हैं। शिकायतकर्ता परमेश्वर गौतम द्वारा बार बार संबंधित अधिकारियों को अतिक्रमण के मामले में शिकायत की गई लेकिन मजाल है कि इन अधिकारियों के कानों पर एक जूं भी रेंग जाए। लोगों का कहना है कि इस तरह बड़े पैमाने पर अतिक्रमण उच्च अधिकारियों की मिलीभगत का ही नतीजा है। जो कि इस तरह खुलेआम प्रशासन की नाक के नीचे अतिक्रमण का खेल जोरो पर चल रहा हैं।

महेन्द्र बिसेन, भूपेन्द्र बिसेन एवं संतोष बिसेन पिता मदनलाल बिसेन इन अतिक्रमणकारियों ने छोटे बड़े पेड़ के जंगल को काटकर धराशाही कर दिया। अपने स्वार्थ को साधने के लिए इन अतिक्रमणकर्ताओं ने जीवनदाई पेड़ो की बलि देकर शासकीय जमीन को लहूलुहान कर दिया है। केशा के भू माफिया शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा जमाए बैठे हैं और शासन प्रशासन मे बैठे आला अधिकारी मुकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे हैं। इतने गंभीर मसले पर उच्च अधिकारियों की चुप्पी समझ से परे हैं। इस पुरे मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व किरनापुर एवं नायब तहसीलदार किरनापुर की कार्यप्रणाली सवालो के घेरे में दिखाई दे रही है। केशा के अतिक्रमणकारियो की हिम्मत तो देखिए इन लोगों ने सार्वजनिक पानी के तालाब को जेसीबी मशीनों के माध्यम से नष्ट करके वहा पर व्यक्तिगत लाभ लेने के मकसद से कृषि कार्य किया जा रहा हैं। और इतना ही नहीं उस शासकीय जमीन पर पक्का बिजली कनेक्सन लेकर सार्वजनिक कुएं मे मोटर पम्प लगाकर खेती का कार्य किया जा रहा हैं।



शिकायतकर्ता परमेश्वर गौतम

और यह सब राजस्व एवं बिजली विभाग के अधिकारीयों, कर्मचारियों की साठगांठ का परिणाम प्रतीत होता है। राजस्व विभाग के ऐसे भ्रष्ट अधिकारीयों के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही होनी चाहिए जिनके संरक्षण में अतिक्रमण का नेटवर्क तेजी से फैल रहा हैं। ग्राम पंचायत केशा के अतिक्रमण मे मानो किरनापुर तहसील स्तर के अधिकारी कर्मचारियों ने घुटने टेक दिए हैं। इस मामले को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा बिजली विभाग को शिकायत की गई तथा सीएम हेल्पलाइन 181 में भी शिकायत की गई मगर आज तक किसी भी प्रकार से कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है। अतिक्रमण के खिलाफ़ ग्राम केशा के ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश नजर आ रहा हैं। शिकायतकर्ता परमेश्वर गौतम का कहना है कि ग्रामीणों के सहयोग से अतिक्रमण के खिलाफ़ लड़ाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# लखनादौन पुलिस द्वारा गोटेगांव के शातिर ताला-तोड़ गैंग का सूपड़ा साफ!

राष्ट्रबाण लखनादौन| संवाददाता
rashtrabaan.in

सूने मकानों की रेकी कर पलक झपकते ही हाथ साफ करने वाले अंतर्राज्यीय स्तर के शातिर चोरों के मंसूबों पर लखनादौन पुलिस ने पानी फेर दिया है। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के कड़े तेवरों और उनकी टीम की चीते जैसी फुर्ती ने गोटेगांव जिला नरसिंहपुर के तीन ऐसे बदमाशों को दबोचा है, जिन्होंने इलाके में दहशत मचा रखी थी। बीती 9 अप्रैल को जब फरियादी राहुल राजपूत काम पर गए थे, तभी इन दिन के उजाले के डाकुओं ने उनके घर



पर धावा बोला। चैनल गेट का ताला चटकाया, अलमारी खंगाली और मेहनत की कमाई के 25 हजार नगद समेत सोने की अंगूठियां और बालियां लेकर रफूचक्कर हो गए। बदमाशों को लगा था कि वे बच निकलेंगे, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि लखनादौन पुलिस का जाल बिछ चुका है।

### पुलिस की हिकमत अमली और अपराधियों का सरेंडर

एसडीओपी अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में जब पुलिस ने अपनी जांच का पहिया घुमाया, तो सुई जाकर अटकी सद्दाम उर्फ इमरान खान पर। यह कोई मामूली चोर नहीं, बल्कि 21 वारदातों का पुराना खिलाड़ी है। जब पुलिस ने अपनी खास शैली में पूछताछ शुरू की, तो सद्दाम के हौसले पस्त हो गए और उसने अपने दो अन्य साथी अजीत खान और चंद्रप्रकाश सिलावट के साथ जुर्म कबूल कर लिया। वही पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए जेवरात और नगदी समेत कुल 75 हजार रुपये का मसरूका बरामद करने में सफलता हासिल की है। सद्दाम जैसे आदतन अपराधियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। इस बड़े खुलासे के पीछे लखनादौन पुलिस की जांबाज टीम का हाथ है, जिन्होंने दिन-रात एक कर दिया जिसमें निरीक्षक के. पी. धुर्वे सउनि विश्वरंजन रघुवंशी, देवेन्द्र जैसवाल आरक्षक धनेश्वर यादव, शिवम बघेल, सूरज मेहरा, दीपेश मेहरा और ओ.पी. धुर्वे।

# इन्दौर राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए बालाघाट के खिलाड़ियों का चयन

**बालाघाट।** खेल और युवा कल्याण विभाग के जिला कराटे प्रशिक्षण केंद्र में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का एक दिवसीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता जिला इंडियन कराटे संघ के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें जिले सहित विभिन्न विकासखंडों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजेश पाठक उपस्थित रहे, जबकि समापन समारोह में मध्य प्रदेश पिछड़ा आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन ने उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता का आयोजन जिला कराटे संघ के अध्यक्ष श्री तपेश असाटी के निर्देशन में किया गया। जिला कराटे प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन ने बताया कि प्रतियोगिता में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कराटे सेंटर के लगभग 25 खिलाड़ियों सहित कटंगी, मलाजखंड, किरनापुर और बेहर जैसे विकासखंडों से करीब 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका में जिला कराटे प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन के साथ श्री दिनेश कोरै, श्री रूपेन्द्र बनकर, सुश्री रूपल गौतम, खुशी मुनेश्वर, परेश कुथे, तनु वामनकर और जय श्री सोनवाने ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# जामड़ी मे धूमधाम से मनाई जाएगी फूले-अम्बेडकर जयंती

राष्ट्रबाण किरनापुर| संवाददाता
rashtrabaan.in

शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो। इन विचारों को अपनाकर आगे बढ़ते हुए किरनापुर क्षेत्र के ग्राम जामड़ी में क्रांतिसूर्य राष्टपिता महात्मा ज्योतिबा राव फूले एवं महामानव भारतरत्न, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की संयुक्त जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। आयोजक समिति का कहना है कि यह सिर्फ एक कार्यक्रम नही बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे की जबरदस्त मिसाल है। इस अवसर पर महापुरुषों की इस संयुक्त जयंती समारोह को यादगार बनाने के लिए दो सुप्रसिद्ध कव्वाल ( सामाजिक प्रबोधनकार) पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र अमरावती से

संविधान मनोहरे एवं नागवंशी यों के गढ़ नागपुर से सूरज आतिश को बुलाया गया हैं। इस जयंती समारोह को लेकर फूले के चाहने वाले और भीम के दीवानों में जबरदस्त जोश दिखाई दे रहा हैं। जयंती कार्यक्रम की शुरुआत कुछ इस तरह से है -- 22 अप्रैल 2026 दिन बुधवार प्रातः 9.00 बजे ध्वज वंदन एवं पूजा वंदना बुद्ध विहार जामड़ी मे, प्रातः 10.00 बजे डीजे की धुन पर विशाल रैली द्वारा ग्राम भ्रमण किया जायेगा, दोपहर 12.00 बजे से 1.00 बजे तक धम्म देशना पूज्य भंते जी द्वारा, दोपहर 1.00 बजे से 3.00 बजे तक प्रतिभावान बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा, शाम 4.00 बजे से 6.00 बजे तक मंचीय कार्यक्रम वक्ताओं द्वारा, शाम 6.00 बजे से भोजनदान सुजाता बाई की स्मृति में आयुष्मान बीरबल जी नागवंशी (सुनील नागवंशी- महोदय जी) के द्वारा प्रदान किया जायेगा। रात करीब 9.00 (नौ) बजे से भारी जन सैलाब के बीच दुय्यम कव्वाली का शानदार धमाकेदार आगाज होगा।




### जय भीम - जय फूले के नारों से गूंज उठेगा आसमान...

22 अप्रैल को जोरदार आतिशबाजी के साथ ग्राम जामड़ी की पावन धरा इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की गवाह बनेगी। कार्यक्रम को लेकर बच्चें, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी मे भरपूर उत्साह नजर आ रहा हैं। इस संयुक्त जयंती कार्यक्रम की सबसे खास बात यह है कि इसमें सभी वर्गों का सम्पूर्ण योगदान मिल रहा हैं। एवं ग्रामीण क्षेत्रीय तथा सामाजिक स्तर पर समस्त साथियों का तन मन धन से सहयोग प्राप्त हो रहा हैं। सामाजिक शिक्षा क्रांति के जनक राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबाराव फूले एवं सिंबल ऑफ नॉलेज (ज्ञान के प्रतीक) बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर दोनों गुरू शिष्य की सार्वजनिक जयंती समारोह को कामयाब बनाने के लिए आयोजक समिति तमाम महापुरूषों की विचारधारा को मानने वाले सभी अनुयायियों से नम्र गुजारिश करती है कि अधिक से अधिक तादाद में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान देकर सहभागी बने। आपका सहयोग आपका योगदान हमेशा अविस्मरणीय रहेगा।

## प्रशासनिक मिली भगत से चलता हुआ प्रतीत हो रहा रेत का अवैध कारोबार

# रेत चोर का जिले में जोर !

राष्ट्रबाण लालबर्रा| संवाददाता
rashtrabaan.in

पूरे जिले में जब रेत खदान स्वीकृत ही नहीं है याने की रेत खदान का ठेका ही नहीं हुआ है तो फिर ऐसी स्थिति में स्थानीय रेत माफिया और बड़े रेत माफिया रेत की चोरी और परिवहन कैसे कर रहे हैं ? स्थानीय चोर तो अपने ट्रैक्टरों के माध्यम से 5 से 10 ट्राली ही रेत चोर पाते हैं, कभी-कभी उन पर कार्रवाई भी होती है लेकिन वह बड़े चोर जो अपने डंपरों के माध्यम से जिले के बाहर रोजाना बड़ी मात्रा में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन कर



बिन ठेका सब चोर - बिना ठेका के अवैध उत्खनन कर हो रही राजस्व की चोरी।

रहे हैं उन पर किसी प्रकार की कार्रवाई होते दिख नहीं रही है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासनिक तंत्र के साथ मिलकर यह रेत माफिया इस काम को अंजाम दे रहे हैं। अनुमान लगाया जा रहा है की इस रेत चोरी में जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों को भी बराबर का हिस्सा मिल रहा होगा इसीलिए तो रेत का यह अवैध कारोबार निरंतर जारी है।

### वैनगंगा और सहायक नदियों से होता है खनन

बालाघाट जिले की जीवनदायनी कहने वाली वैनगंगा नदी और उसकी सहायक नदियों को खनन माफियाओं ने इस तरह छलनी कर दिया है कि कई स्थानों पर रेत की जगह केवल मिट्टी ही रह गई है।जिससे नदी का जलस्तर भी काफी कम हो गया है। जो पर्यावरण की दृष्टि से काफी नुकसानदेह साबित हो रहा है बावजूद रेत माफिया रुपए कमाने की चाह में अवैध खनन बड़ी मात्रा में कर रहे हैं और प्रशासन इन्हें बगैर राजस्व चुकाये अवैध परिवहन करने में मदद कर रहा है। इस काम को रोकने के लिए क्यों ना जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए ऐसी मांग प्रबुद्ध जनों द्वारा की जा रही है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, बुधवार 22 अप्रैल 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

● बरघाट ● छपारा ● धनोरा ● घंसौर ● केवलारी ● कुरई ● लखनादौन ● सिवनी ग्रामीण



### खाकी की चुप्पी या इंसाफ का कत्ल? जालंधर में फौजी पति पर पत्नी की हत्या का आरोप

### मां की पुकार- साहब! यह आत्महत्या नहीं, मर्डर है

# दौलत की हवस में पत्नी की बलि!

### ममता का विलाप- मेरे नाती ने अपनी आँखों से पिता को ज़हर पिलाते देखा, फिर पुलिस इसे खुदकुशी कैसे कह सकती है?

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in



**जालंधर केंट थाना** : हत्या को आत्महत्या बता न्याय को दफ़नाने की साजिश ?

**सरहद** पर देश की रक्षा का संकल्प लेने वाले एक सैनिक पर जब अपने ही घर की लक्ष्मी का लहू बहाने का आरोप लगे, तो मानवता शर्मसार हो जाती है। पंजाब के जालंधर से एक ऐसी सनसनीखेज वारदात सामने आई है जिसने कानून-व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले की रहने वाली प्रियंका सनोडिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने एक तरफ दो मासूम बच्चों के सिर से मां का साया छीन लिया है, तो दूसरी तरफ एक बेबस मां को इंसाफ के लिए दर-दर भटकने पर मजबूर कर दिया है। मामला केवल एक मौत का नहीं, बल्कि पुलिस की उस थ्योरी का भी है जिसे मृतका की मां सुमन देवी 'सफेद झूठ' करार दे रही हैं। मां का सीधा आरोप है, यह आत्महत्या नहीं, बल्कि जमीन और दहेज के लालच में की गई सोची-समझने साजिश और हत्या है।

सिवनी जिले के ग्राम गुंदरई की रहने वाली सुमन देवी की इकलौती बेटी प्रियंका का विवाह फौजी किशोरी लाल सनोडिया से हुआ था। खुशहाल भविष्य के सपने लेकर प्रियंका अपने पति के साथ जालंधर में रह रही थी। उनके दो मासूम बच्चे भी हैं, एक 6 साल का और दूसरा महज 2 साल का। लेकिन सुमन देवी के पति की मौत के बाद, दामाद किशोरी लाल की नजरें घर की जमीन और जायदाद पर गड़ गई।

मां सुमन देवी का आरोप है कि किशोरी लाल लगातार प्रियंका पर दबाव बना रहा था कि वह अपने मायके की जमीन और गाड़ी उसके नाम करवा दे। जब प्रियंका ने अपनी मां के बुढ़ापे का सहारा छीनने से मना किया, तो शुरू हुआ रूह कंपा देने वाला अत्याचार। बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले भी दरिंदगी की हदें पार करते हुए किशोरी लाल ने प्रियंका को लोहे की रॉड से पीटा था, जिससे उसका पैर गंभीर रूप से घायल हो गया था। सामाजिक लोक-लाज के डर से उस वक्त प्रियंका खामोश रही, लेकिन वह खामोशी अंततः उसकी मौत का सबब बन गई।

## दो कहानियां, चश्मदीद बेटा बनाम पुलिस की फाइलों का सच

इस पूरे मामले में इंसाफ की लड़ाई अब दो कहानियों के बीच फंस गई है। पहली मासूम बेटे की गवाही। प्रियंका के 6 वर्षीय बड़े बेटे ने अपनी नानी को रोते हुए जो बताया, वह कलेजा चीर देने वाला है। बच्चे के अनुसार, उसने अपने पिता को अपनी मां का गला पकड़कर जबरन ज़हर पिलाते देखा है। एक मासूम बच्चा झूठ नहीं बोलता, और उसकी यह गवाही इस मामले को सीधे तौर पर हत्या की श्रेणी में ला खड़ी करती है। वही दूसरी और जालंधर पुलिस की ढुलमुल थ्योरी है। जालंधर पुलिस ने इसे आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि पति की प्रताड़ना से तंग आकर प्रियंका ने खुदकुशी की। मृतका की मां सुमन देवी का बड़ा आरोप है कि पुलिस ने उनके बयानों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया है।



**किशोरी लाल सनोडिया, आरोपी दामाद** : दहेज़ के लालच में बच्चो से छीना मां का साया?



**प्रियंका सनोडिया, मृतका** : दहेज़ के दानव का हुई शिकार।

वह सवाल उठा रही हैं कि जब चश्मदीद गवाह मौजूद है, तो पुलिस हत्या के बजाय आत्महत्या के लिए उकसाने का कमजोर केस क्यों बना रही है? क्या किसी फौजी के रसूख के आगे एक गरीब मां की आवाज दबाई जा रही है?

## न्याय की गुहार, पीएम मोदी और अमित शाह तक पहुंचेगी आवाज!



**सुमन सनोडिया, मृतका की मां** : बेटी को इंसाफ दिलाने आखिर सांस तक लड़ूंगी।

अपनी इकलौती संतान को खोने के बाद सुमन देवी दुखी है लेकिन वह टूटने वाली नहीं हैं। उन्होंने ठान लिया है कि जब तक उनकी बेटी के हत्यारे को फांसी के फंदे तक नहीं पहुँचाया जाता, वह चैन से नहीं बैठेंगी। सुमन देवी अब देश के सर्वोच्च नेतृत्व का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में हैं। वे अपनी व्यथा और पुलिस की संदिग्ध भूमिका की शिकायत पत्र लिखकर देश के प्रधान मंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और पंजाब के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर प्रियंका के साथ हुए अत्याचार और हत्या के लिए न्याय मांगेंगी।

### सिवनी से लेकर जालंधर तक न्याय की गूँज, क्या न्याय मिलेगा?

एक मां का अपनी बेटी को खोना और फिर उसके हत्यारे को बचाने की साजिश का गवाह बनना, किसी भी सभ्य समाज के लिए डूब मरने वाली बात है। यदि पुलिस ने समय रहते सही दिशा में जांच नहीं की और मासूम बच्चे के बयान को आधार नहीं बनाया, तो यह न्याय का गला घोंटने जैसा होगा। सिवनी से लेकर जालंधर तक इस मामले की गूँज सुनाई दे रही है। जहां जालंधर पुलिस हत्या को खुदखुशी बताने में आमादा है, वही पीड़ित मां अपनी बेटी के हत्यारे को सजा दिलाने के लिए दर-दर भटक रही है। देखना यह है कि क्या पंजाब सरकार और केंद्र सरकार इस बेबस मां की पुकार सुनती है, या फिर फाइलों के ढेर में एक और बेटी की हत्या 'खुदकुशी' बनकर दफन हो जाएगी।

## कलेक्टर ने जल संसाधन परियोजनाओं की समीक्षा कर दिए कड़े निर्देश



सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

**जिला** कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में जल संसाधन विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के विकास और किसानों की समृद्धि के लिए संचालित वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति का गहन विश्लेषण किया गया। कलेक्टर ने निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि इन योजनाओं का मुख्य लक्ष्य किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं प्रदान करना और जल संसाधनों का वैज्ञानिक तरीके से उपयोग सुनिश्चित करना है, ताकि आम नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने विशेष रूप से प्रस्तावित शेर परियोजना और बड़ा देव परियोजना की समीक्षा की। उन्होंने बांध निर्माण की प्रगति, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया, आवश्यक पर्यावरणीय स्वीकृतियों तथा डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्रामीणों को दिए जाने वाले मुआवजा वितरण की वस्तुस्थिति जानी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजनाओं के मार्ग में आने वाली किसी भी बाधा को संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर शीघ्र दूर किया जाए। उन्होंने दो कड़क शब्दों में कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समझौता किए बिना तय समय-सीमा में पूर्ण किए जाने अनिवार्य हैं।

इसके साथ ही कलेक्टर ने पेंच परियोजना के अंतर्गत नहर निर्माण कार्यो सहित हर्रई और गुनगुच जैसी अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे केवल कार्यालय तक सीमित न रहकर नियमित रूप से फील्ड का दौरा करें और जमीनी स्तर पर कार्यो की निगरानी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने विश्वास जताया कि इन परियोजनाओं के सफलतापूर्वक पूर्ण होने से जिले की सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी बल्कि भविष्य में होने वाले जल संकट से भी निजात मिलेगी। बैठक में जल संसाधन विभाग के समस्त वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
7000427433

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने प्रशासन सख्त

### मैरिज गार्डनों में दी दबिश, दस्तावेजों की हुई जांच

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in




**जिला** प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग ने अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकने के लिए व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया है। कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार गठित वन स्टॉप सेंटर की टीम ने 20 अप्रैल 2026 को शहर के प्रमुख विवाह स्थलों जैसे स्मृति लॉन, अग्रोहा, एमएमएम ग्रैंड और वाटिका सेलिब्रेशन का सघन दौरा किया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य विवाह के शुभ मुहूर्त के दौरान किसी भी नाबालिग बालक या बालिका का विवाह रोकना सुनिश्चित करना है।

टीम ने निरीक्षण के दौरान मैरिज गार्डन के बुकिंग रजिस्टरों की बारीकी से जांच की और वर-वधु की आयु से संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन किया। इसके साथ ही लॉन संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे किसी भी स्थिति में बाल विवाह न होने दें। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी सजग रहने की अपील की है और आग्रह किया है कि यदि कहीं भी बाल विवाह की आशंका हो, तो तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1098, 112, 181 या वन स्टॉप सेंटर के मोबाइल नंबर 9691000769 पर सूचित करें ताकि समय रहते उचित कानूनी कार्रवाई की जा सके।

## सिवनी में गेहूं उपार्जन स्लॉट बुकिंग में तकनीकी अड़चन

**सिवनी।** सिवनी जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के दौरान किसानों को स्लॉट बुकिंग में तकनीकी अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है। उपार्जन केंद्रों पर अन्य व्यवस्थाओं में सुधार के बावजूद, पोर्टल में आ रही यह समस्या किसानों के लिए बड़ी मुश्किल बन गई है। विशेषकर एक हेक्टेयर से कम रकबे वाले छोटे किसान इससे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। जिले के लगभग 30 से 40 प्रतिशत पंजीकृत किसानों को स्लॉट बुकिंग में परेशानी आ रही है। जब किसान पोर्टल पर स्लॉट बुक करने का प्रयास करते हैं, तो सैटेलाइट मैपिंग में उनकी फसल 'असत्यापित' दिखाई जाती है।

## खाली पानी के बर्तन ले कलेक्टर से मिलने पहुंचे ग्रामीण

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, बोले- हैंडपंप सूखे, नल-जल योजना बेकार

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in



**सिवनी** जिले के गोरखपुर खुर्द गांव में गहराते पेयजल संकट से ग्रामीण परेशान हैं। मंगलवार को महिलाएं और ग्रामवासी खाली बर्तन लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया।

ज्ञापन में बताया गया है कि क्षेत्र में लंबे समय से पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। गांव में लगे हैंडपंप और नल-जल योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन से पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। कई हैंडपंप खराब पड़े हैं, जबकि कुछ जगहों पर भूजल स्तर गिरने से पानी आना बंद हो गया है।

इस स्थिति के कारण महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज के इलाकों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यह कार्य न केवल जोखिम भरा है, बल्कि इसमें काफी समय भी लगता है, जिससे उनकी दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में यह भी बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित विभागों को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। उन्होंने मांग की है कि खराब हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत की जाए और आवश्यकतानुसार नए हैंडपंप लगाए जाएं। साथ ही, नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन और मोटर पंप की जांच कर उन्हें दुरुस्त किया जाए, ताकि गांव में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## बादलों से तापमान में गिरावट, उमस ने बढ़ाई परेशानी

### गर्मी में रसीले फलों की बढ़ी मांग; डॉक्टर ने धूप से बचने की सलाह दी

सिवनी | संवाददाता
rashtrabaan.in

**सिवनी** जिले में लगातार बढ़ती गर्मी के बीच मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिला है। मंगलवार सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं। जिससे सूर्य की तेज किरणों पर कुछ हद तक असर पड़ा और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बीते दिन दोपहर बाद से लेकर देर शाम तक आसपास घने नीले बादल छाए रहने के कारण अधिकतम तापमान में लगभग 3 डिग्री की कमी आई है।

### तापमान गिरने के बावजूद उमस, लोग परेशान

हालांकि, तापमान में गिरावट के बावजूद लोगों को पूरी तरह राहत नहीं मिल पाई है। न्यूनतम तापमान स्थिर बने रहने और वातावरण में नमी बढ़ने के कारण उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। दिनभर चिपचिपी गर्मी के कारण लोग बेचैनी महसूस कर रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ने लगी हैं। चिकित्सकों के अनुसार, इस मौसम में लापरवाही बरतने पर सर्दी-जुकाम, बुखार और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

### धूप में बाहर निकलने से बचने की सलाह



**उल्लेखनीय** है कि रविवार को इस सीजन में पहली बार तापमान 41.2 डिग्री के पार पहुंच गया था, जिससे लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। गर्म हवाओं और तेज धूप के कारण दिन के समय घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था। हालांकि, सोमवार को अधिकतम तापमान गिरकर 38.4 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री पर स्थिर बना रहा। गर्मी के बढ़ते असर के चलते बाजारों में भी बदलाव देखा जा रहा है। शीतल पेय पदार्थों, आइसक्रीम और रसीले फलों की मांग में तेजी आई है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए विभिन्न उपाय अपना रहे हैं। डॉक्टरों ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे तेज धूप में बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हल्के व सूती कपड़े पहनें। वहीं, मौसम विभाग ने आगामी दिनों में हीट वेव और लू चलने की संभावना जताई है, जिसके मद्देनजर लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

कप्यूटर वर्ल्ड
सेल्स एंड सर्विस
लैपटॉप, कम्प्यूटर, सी.सी.टी.वी कैमरा, होम थियेटर, प्रिंटर, लेमिनेशन, फोटो कॉपियर, नेटवर्किंग, प्रोजेक्टर, कॉर्टरेज रिफलिंग
संपूर्ण कम्प्यूटर ऐससरीज उपलब्ध
पुराने कम्प्यूटर व लैपटॉप उपलब्ध
संपर्क- बैनगंगा कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, सिवनी, मो.न.-9302833332

ARPIT TVS
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
7898723789
Infront of Reliance Petrol-pump, Jabalpur Road, Jyarat Naka, Seoni 480661 (M.P)



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433